किसान घाट का विकास

694. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भूतपूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के शवदाह स्थल "किसान घाट" के विकास हेतु जो कार्य नवम्बर, 1991 तक पूरा होना था, क्या वह पूरा हो गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो इसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या उस स्थान के विकास हेतु दूसरे चरण के कार्य को, जो जनवरी, 1992 में आरंभ किया जाना था, शुरु कर दिया गया है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) किसान घाट (चरण I और चरण II) के विकास से संबंधित कार्य जिसमें समाधि के लिए पहुंच मार्गों के निर्माण सहित समाधि के चारों ओर भू-दृश्य कार्य शामिल है, अंशतः पूर्ण हो गया है । समाधि के चारों ओर भू-दृश्य और प्लान्टरों का निर्माण नवम्बर, 1991 से पूर्व पूर्ण हो गया था । आगे का कार्य प्रगति पर है ।

(ख) 15 मई, 1992 तक ।

(ग) भाग II (चरण II) का आगे का कार्य जिसमें चौपाल, कारपार्किंग, बुक-स्टाल, शौचालय ब्लाक शामिल हैं, अब तक आरंभ नहीं किया जा सका क्योंकि स्थल खाली नहीं है। इसमें नई हौदी का निर्माण एवं राजघाट और इस समाधि क्षेत्र के लिए वैकल्पिक नाली प्रणाली मुहैया करना अन्तर्ग्रस्त है। नाली हौदी का एक भाग जिसकी चरण II के भाग I को पूर्ण करने के लिए आवश्यकता थी, को भर दिया गया है और कार्य आगे आरंभ किया गया है। आगे के कार्य के लिए स्थल को खाली करने के लिए नाली प्रणाली के पुनः परिष्करण हेतु निविदायें मार्च, 1992 के मध्य में मांगी गई हैं । इस कार्य के 15-4-92 तक आरंभ होने की संभावना है और यह अक्तूबर, 1992 तक पूर्ण हो जाएगा। समाधि के विकास का आगे का कार्य साथ-साथ आरंभ किया जायेगा तथा वैकल्पिक नाली प्रणाली के प्रावधान के समन्वय से मई, 1992 तक आरंभ होने और नवम्बर, 1993 तक पूर्ण होने की संभावना है ।

M. R. T. S. in Delhi.

695. DR. SANJAYA SINGH: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have asked to RITES to prepare a detailed square-feet-by-square feet Project Report for putting the Mass Rapid Transit System (MRTS) on the rails in the Capital;

(b) whether it is also a fact that French firms have shown interest in taking up the Project after it is finally cleared by Government as reported in the Hindustan Times, dated 3rd January, 1992, under the caption 'French Firms keen on Metro;

(c) if so, what are the details in this regard;

(d) what is the cost of the project at current prices; and

(e) by when the Project is likely to be completed?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI M. ARUNACHALAM): (a) to (e) Yes, Sir. The Delhi Administration has entrusted M/s. RITES with the task of preparing the detailed locational survey and also finalise the route arrangements.

Agencies from abroad including French firms have been showing a keen interest in taking up the project. A project of this magnitude requires detailed analysis from the technical, operational and funding point of view. The project preparation is still at the preparatory stage and hence it is premature to take any decision on the likely date of completion. The cost price of the project has been estimated to be around Rs. 5378 cr. at 1989 price level. These prices have not been up dated.